सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 31 अगस्त, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में कॉनफिड्रेशन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस, मार्टियर वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्यपाल से एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस के परिवारों की भलाई, पेंशन, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड के गठन आदि के संबंध में चर्चा की। उन्होंने अन्य राज्यों की भांति उत्तराखण्ड में भी शहीद परिवारों को मिलने वाली सहायता सम्मान राशि को बढ़ाने का भी सुझाव दिया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक सैनिक व सैनिक परिवारों की मदद करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एक है। उन्होंने कहा कि पैरामिलिट्री फोर्सेस देश की बाह्य एवं आंतरिक सुरक्षा में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याएं होती हैं जिनका समाधान किया जाना बेहद जरूरी है, इसके लिए वह निरंतर प्रयासरत रहते हैं। राज्यपाल ने कहा कि सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं के लिए राजभवन में शिकायत निवारण अधिकारी की नियुक्ति भी की गई है। उन्होंने कहा कि राजभवन के दरवाजे सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए सदैव खुले हैं। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन द्वारा दिए गए सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए इन पर अमल हेतु विचार किया जायेगा।

इस अवसर पर महासचिव रणवीर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

...........0............

सूचना परिसर राजभवन   टेली0 फै0–0135.2756172